नौ सीटों के लिए आज से शुरू होगा नामांकन

विधान परिषद

पटना . बिहार विधान परिषद की रिक्त हुई नौ सीटों के लिए गुरुवार से नामांकन आरंभ हो जायेगा. आयोग ने आरओ और एआरओ की नियुक्ति कर दी है. नामांकनपत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 25 जून है. विधान परिषद के निर्वाचित होनेवाले सदस्यों को विधानसभा के सचिव के यहां नामांकनपत्र दाखिल करना है. जारी कार्यक्रम के अनुसार 25 को नामांकनपत्र दाखिल होने के बाद 26 जून को नामांकनपत्रों की जांच की जायेगी. प्रत्याशियों को 29 जून तक नाम वापसी का मौका मिलेगा. इसके बाद आवश्यकता होने पर छह जुलाई को सुबह नौ बजे से मतदान की प्रक्रिया आरंभ हो जायेगी, जबकि शाम पांच बजे के बाद मतगणना का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है. निर्वाचित सदस्यों को उसी दिन प्रमाणपत्र भी जारी कर दिये जायेंगे. मालूम हो कि विधान परिषद के नौ सदस्यों का कार्यकाल छह मई को ही समाप्त हो गया था. कोविड-19 के कारण चुनाव कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा था. जिन सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हुआ है उनमें भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, पूर्व कार्यकारी सभापति हारूण रशीद, कृष्ण कुमार सिंह, प्रशांत कुमार शाही, संजय प्रकाश, सतीश कुमार, राधा मोहन शर्मा, सोनेलाल मेहता और हीरा प्रसाद बिंद शामिल हैं.

प्रभात खबर Thu, 18 June 2020
https://epaper.prabhatkhabar.co